विद्यालय पत्रिका

VIDYALAYA PATRIKA

सत्र: 2022-23

SESSION: 2022-23

केंद्रीय विद्यालय

समूह केंद्र, के. रि. पु. बल., पिंजौर

KENDRIYA VIDYALAYA

G.C., C.R.P.F., PINJORE

www.crpfpinjore.kvs.ac.in

अनुक्रमणिका

क्रम सांख्य	शीर्षक	पृष्ठ संख्या
1	संपादक मण्डल	1
2	अध्यक्ष संदेश	2
3	उपायुक्त संदेश	3
4	प्राचार्य संदेश	4
5	हिंदी विभाग(विद्यार्थी लेख)	5-13
6	शिक्षक विशेषांक	14-27
7	अंग्रेजी विभाग(विद्यार्थी लेख)	28-38
8	संस्कृत विभाग(विद्यार्थी लेख)	39-43
9	आईसीटी विशेषांक	44-46
10	गणित लेख	47-49
11	विद्यालय गतिविधि: एक झलक	50-51
12	स्टाफ फोटो एवं धन्यवाद	52-53

सम्पादक मण्डल

प्रमुख संरक्षक - श्री एस. एस. चौहान उपायुक्त, क्षेत्रीय कार्यालय, केन्द्रीय विद्यालय संगठन गुरुग्राम संभाग

संरक्षक - श्री ललित कुमार (प्राचार्य , के. वि. के. रि. पु. बल., पिंजौर)

हिंदी विभाग - श्री सुनील कुमार मिश्र (मुख्य सम्पादक)

श्री त्रिभूषण (प्रशि. स्ना. शि. हिंदी)

अंग्रेजी विभाग - श्रीमती मेघा गर्ग (परास्नातक शि. अंग्रेजी)

श्रीमती मुक्ता शर्मा (प्रशि . स्ना. शि. अंग्रेजी)

संस्कृत विभाग - श्रीमती ममता ठाकुर (प्रशि. स्ना. शि. संस्कृत)

कंप्यूटर विभाग - श्रीमती रजनी अरोड़ा (परास्नातक. स्ना. शि. कंप्यूटर विज्ञान)

श्री रविकांत (कंप्यूटर अनुदेशक - सविदात्मक)

संदेश

मेरे लिए यह आपार हर्ष का विषय है कि केन्द्रीय विद्यालय, ग्रुप केन्द्र केरिपुबल, पिंजौर वर्ष 2022–23 हेतु अपने विद्यालय की ई–पत्रिका के वार्षिक अंक का प्रकाशन करने जा रहा है।

केन्द्रीय विद्यालय संगठन के तत्वावधान में केन्द्रीय विद्यालय, ग्रुप केन्द्र पिंजौर की शिक्षा के क्षेत्र में अपनी विरासत है, यह न केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करता है बल्कि सकारात्मक, प्रगतिशील समान विचारधारा वाले लोगों को एकजुट होने और बनाने के लिए एक मंच भी तैयार करता है।

बच्चे भगवान की सभी अनूठी रचनाएँ हैं और केन्द्रीय विद्यालय उन्हें अपने व्यक्तित्व को बढ़ाने और उनकी आंतरिक शक्ति को मुक्त करने के लिए एक मंच प्रदान करके उनकी विशिष्टता को बनाता है। जैसा कि डॉ. अब्दुल कलाम ने कहा था, "मेरे पास भारत के लिए तीन दृष्टिकोण हैं, स्वतंत्रता, विकास और शक्ति। हमारे छात्र इन गुणों को सक्षम पेशेवर, जिम्मेदार नागरिक और भविष्य के विश्व नेता बनने के लिए स्कूल और प्रशिक्षण में बनाए गए अनुकूल वातावरण में आत्मसात करेंगे।"

पत्रिका के सफल प्रकाशन की शुभकामनाओं सहित प्राचार्य, अध्यापकों एवं विद्यार्थियों के अथक प्रयास हेतु बधाई देते हुए उनके सफल एवं उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं।

नरेन्द्र पाल, (पुलिस उप महानिरीक्षक)
चेयरमैन, केन्द्रीय विद्यालय, ग्रुप केन्द्र, पिंजौर

केन्द्रीय विद्यालय संगठन
Kendriya Vidyalaya Sangathan
संभागीय कार्यालय/REGIONAL OFFICE
के.वि. न.- कैम्पस, सैक्टर -14
KV No. 1 AFS Campus, Sector - 14
गुरुग्राम/Gurugram(Haryana) -12001
E-mail- kvdharampur@gmail.com

संदेश

तत्कर्म यन्न बंधाय सा विद्या या विमुक्तये।
आयासायापरम कर्म विद्यान्या शिल्पनैपुणम।।
- श्री विष्णुपुराण

अर्थात जो बंधन उत्पन्न न करे वही कर्म है जो मुक्ति का मार्ग प्रशस्त करे वह विद्या है।
शेष कर्म परिश्रमरूप है तथा अन्य विद्यायें तो मात्र कला कौशल ही है।

भारतीय ऋषि-मुनियों व मनीषियों ने ज्ञान (विद्या) को मनुष्य की मुक्ति का साधन कहा है। मनुष्य को भय, भूख, दुर्विकार , दुष्प्रवृत्तियाँ, दुराचरण, निर्बलता, दीनता व हीनता, रोग, शोक इत्यादि से मुक्ति की अभिलाषा अनंतकाल से है। श्रीविष्णुपुराण का उपरोक्त महावाक्य यही संदेश देता है कि मनुष्य को ज्ञान के द्वारा अपने समस्त क्लेशों से मुक्ति पाने का पुरुषार्थ करना चाहिए । विद्या त्याग और तपस्या का सुफल होता है इसलिए ज्ञान की उपलब्धि सदैव श्रमसाध्य है।

आइये, हम सभी अनुशासित होकर, समर्पण भाव से समस्त उपलब्ध साधनों का मर्यादापूर्वक उपभोग करते हुए ज्ञानार्जन का सद्प्रयास करें। अपनी दिनचर्या में उचित आहार , विहार और विचार का समावेश करते हुए व्यक्ति के रूप में प्रकृति प्रदत्त अनंत संभावनाओं को ज्ञान की पवित्र ऊर्जा के आलोक में पल्लवित व पुष्पित करें।

PRINCIPAL'S MESSAGE

प्राचार्य सन्देश

जब तक साथ एक भी दम हो, हो अवशिष्ट एक भी धड़कन |

रखो आत्म-गौरव से ऊँची, पलकें सिर ऊँचा मन ||

जिन्दगी खूबसूरत है... और इस ख़ूबसूरती का मूर्तरूप हैं ये नन्हे-मुन्ने बच्चे | खूबसूरत बच्चों की कोमल भावनाओं एवं उनकी तत्परता के फडफडाते पंखों को एक आसमान देने का प्रयास है यह विद्यालय पत्रिका |

शिक्षा के मूलभूत उद्देश्य "बच्चों का चहुँमुखी विकास" में विद्यालय-पत्रिका की विशेष भूमिका होती है | शैक्षिक उन्नति के साथ-साथ उनकी रचनात्मक ऊर्जा को एक नई पहचान मिलती है | उनके आतंरिक एवं मौलिक चिंतन को उनके लेखों के माध्यम से बढ़ावा मिलता है | मेरा पूर्ण विश्वास है कि ये नन्हे कलाकार भावी रचनाकार के रूप में राष्ट्रहित में अपना सहयोग देने में सफल होंगे |

पत्रिका प्रकाशन के सुअवसर पर मै केन्द्रीय विद्यालय संगठन गुरुग्राम संभाग के गर्व माननीय एस.एस. चौहान (उपायुक्त) एवं श्री नरेंद्र पाल (अध्यक्ष, विद्यालय प्रबंधन समिति एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक) का ह्रदय से आभार व्यक्त करता हूँ, जिनका सहयोग हमें नित नई ऊर्जा और स्फूर्ति प्रदान करता है तथा जिनके आशीर्वाद से पत्रिका का प्रकाशन कार्य सफल हुआ | पत्रिका प्रकाशन में दिए गए सहयोग के लिए मै विद्यालय परिवार के सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ |

शुभकामनाओं सहित ....

ललित कुमार

प्राचार्य

केंद्रीय विद्यालय पिंजौर

हिंदी

विभाग

हिन्दी हैं हम, वतन है हिन्दोस्तां हमारा....

" मेरी प्यारी माँ "

माँ के होते कभी नही होती जीवन में कठिनाई है
माँ ताउम्र बनकर रहती अपनी औलाद की परछाई है
दिखता है जिसमे केवल स्नेह माँ तो वो नजर है
कभी नही मरती कोई भी माँ, वो तो परी अजर अमर है
लोक परलोक की, माँ ही होती है सबसे खूबसूरत आत्मा
माँ के कदमों में सदा झुका रहता है पूर्ण परमात्मा
माँ ही धरा पर जीवन लिखने वाली अनोखी कलम है
समझो औरत का जन्म ही धरा पर जीवन का जन्म है
माँ राहत, माँ चाहत, माँ पहचान, माँ ही सम्मान है
माँ जरूरत, माँ मूरत, माँ निदान, माँ ही अभिमान है
माँ जमीन पर रहकर जन्नत का अहसास दिलाती है
माँ छोटे परिंदों को हौसलों का बड़ा आकाश दिलाती है
माँ सितार, माँ बहार माँ ही देवों की अदभुत बोली है
माँ अधिकार, माँ प्यार, माँ कंगन, माँ ही चंदन रोली है
माँ सदा सुखों से कराती अपनी औलाद की मुलाकात है
पहुंचाती जो रूह को सकून माँ वो चांदनी रात है
जो महकाती सांसो को माँ की चाहत वो कस्तूरी है
जिस पर है सारी धरा आश्रित माँ ही वो धुरी है
माँ का प्रेम ही दुनिया का सबसे सुगंधित चन्दन है
तृषा की ओर से हर माँ को शत् शत् वन्दन है

तृषा
कक्षा:- दूसरी `ब `

"मेरा प्यारा शिक्षक"

गिरते है जब हम, तो उठाते है शिक्षक
जीवन की रह दिखाते है शिक्षक |
अँधेरे यहाँ पर बनकर दीपक,
जीवन को रोशन करते है शिक्षक |
कभी नन्ही आँखों मैं नमी जो होती,
तो अच्छे दोस्त बनकर हमे हसांते है शिक्षक |
झटकती है दुनिया हाथ कभी जब,
तो झटपट हाथ बढ़ाते है शिक्षक |
जीवन डगर है जीवन समर है
जीवन संघर्ष सिखाते है शिक्षक |
देकर अपनी ज्ञान की पूंजी,
हमे योग्य बनाते है शिक्षक |
इस देश और दुनिया के लिये,
एक अच्छा समाज बनाते है शिक्षक |
नहीं हो कहीं अशांति,
बस यही एक पैगाम फैलते है शिक्षक |
गिरते है जब हम, तो उठाते है शिक्षक ||

सुर्यांश मानू
कक्षा:- चौथी ब

"समय का महत्व"

- समय पृथ्वी पर सबसे कीमती वस्तु है, इसकी तुलना किसी से भी नहीं की जा सकती है।
- इस संसार में सब कुछ समय पर निर्भर करता है, समय से पहले कुछ भी नहीं होता है।
- यदि हमारे पास समय नहीं है, तो हमारे पास कुछ भी नहीं है।
- समय की बर्बादी हमें और हमारे भविष्य को बर्बाद करती है।
- यह समय ही है जो हमें सुख, समृद्धि और धन प्रदान करता है।
- हमें अपने समय का उपयोग कुछ उपयोगी कामों को करने में करना चाहिए ताकि, हमें समय समृद्धि दे, न कि कष्ट दे।
- जीवन और मृत्यु के बीच में अंतर के लिए केवल एक ही पल काफी होता है।
- इस संसार में सब कुछ समय के अनुसार बदलता है, क्योंकि समय से कुछ भी स्वतंत्र नहीं है।
- हमें कठिन परिश्रम करने का आनंद लेना चाहिए और कभी भी अपनी अच्छी आदतों के बाद में करने के लिए डालना नहीं चाहिए
- हमें समय के महत्व को समझ कर उसका रचनात्मक ढंग से प्रयोग करना चाहिए ताकि समय हमें समृद्ध करें ना कि नष्ट करें।

(तनिशा 11B)

सौर ऊर्जा

भारत एक तेजी से उभरने वाली अर्थव्यवस्था है, जिसमें 100 करोड़ से भी ज्यादा लोग शामिल है और जिन्हे ऊर्जा की बड़ी मात्रा में आवश्यकता है। जिसकी पूर्ति भारत सरकार द्वारा विभिन्न नवीनीकरणीय और अनवीनीकरणीय संसाधनों का उपयोग करके की जा रही है। हमारा देश बिजली को उत्पन्न करने एवं उसकी खपत करने में विश्व में पांचवें स्थान पर है। हमारे देश में बिजली का उत्पादन हर साल बढ़ रहा है, पर हम इस बात से भी इनकार नहीं कर सकते कि जनसंख्या भी साथ में बढ़ रही है।

(करणबीर 11B)

"कोई अर्थ नहीं"

(राष्ट्रकवि श्री रामधारी सिंह दिनकर)

नित जीवन के संघर्षों से
जब टूट चुका हो अन्तर्मन,
तब सुख के मिले समन्दर का
रह जाता कोई अर्थ नहीं।।

जब फसल सूख कर जल के बिन
तिनका -तिनका बन गिर जाये,
फिर होने वाली वर्षा का
रह जाता कोई अर्थ नहीं।।

सम्बन्ध कोई भी हों लेकिन
यदि दुःख में साथ न दें अपना,
फिर सुख में उन सम्बन्धों का
रह जाता कोई अर्थ नहीं।।

छोटी-छोटी खुशियों के क्षण
निकले जाते हैं रोज़ जहाँ,
फिर सुख की नित्य प्रतीक्षा का
रह जाता कोई अर्थ नहीं।।

मन कटुवाणी से आहत हो
भीतर तक छलनी हो जाये,
फिर बाद कहे प्रिय वचनों का
रह जाता कोई अर्थ नहीं।।

सुख-साधन चाहे जितने हों

पर काया रोगों का घर हो,
फिर उन अनगिनत सुविधाओं का
रह जाता कोई अर्थ नहीं।।

(Anmol 11B)

"पर्यावरण"

पर्यावरण का रखेंगे हम ध्यान |
अपने देश को बनाएंगे महान ||

पर्यावरण शब्द परि + आवरण से मिलकर बना है परि का अर्थ है चारों ओर और आवरण का अर्थ है घिरा हुआ। अर्थात पर्यावरण का शाब्दिक अर्थ है चारों ओर से घिरा हुआ । जैसे नदी ,पहाड़, तालाब, मैदान, पेड़-पौधे, जीव-जंतु वायु वन मिट्टी आदि सभी हमारे पर्यावरण के घटक है। हम सभी इन घटको का दैनिक जीवन में भरपूर उपयोग करते है अर्थात हम इन घटको पर ही निर्भर है।

पर्यावरण संरक्षण के लिए उठाए गए कदम

- प्लास्टिक बैग और उसके उत्पादों के उपयोग पर प्रतिबंध लगाएं।
- कचरे को फैलने से रोकें और दूसरों को भी इसे रोकने के लिए प्रोत्साहित करें।
- रासायनिक उर्वरकों और किटनाशकों के उपयोग से बचें और जैविक पदार्थों का उपयोग करें।
- वाहनों से निकलने वाले घुएं को कम करैं, ये हमारे पर्यावरण को भारी नुकसान पहुचाते हैं।
- जंगलों को बचाएं और पेड़ लगाएं क्योंकि ये पर्यावरण के लिए फेफड़ों जैसा काम करते हैं।
- भूतल या सतह जल का उपयोग कम से कम करने का प्रयास करे।

(KRISHNA MALHOTRA 6A)

" स्वच्छता "

स्वच्छता एक ऐसा कार्य नहीं है जो हमें दबाव में करना चाहिए। यह एक अच्छी आदत और तरीका है। हमारे अच्छे और स्वस्थ जीवन के लिए स्वच्छ भारत अभियान की शुरुआत भारत के 15 वें प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा 2 अक्टूबर 2014 को नई दिल्ली के वाल्मीकि बस्ती से की गयी। हमें स्वच्छता से कभी समझौता नहीं करना चाहिए यह जीवन में खाने व पानी की तरह ही आवश्यक है। स्वच्छ भारत अभियान भारत को गंदगी रहित बनाने को एक अच्छी कोशिश है जो राष्ट्रीय आंदोलन के रूप में भारत सरकार द्वारा देश के 4041 संवैधानिक नगर की साफ-सफाई का लक्ष्य आरंभ किया गया।

(KARTIK 6TH A)

"कविता - स्वच्छ भारत अभियान"

उठा लो झाड़ू, उठा लो पोंछा
पहुँचो जहाँ कोई भी न पहुंचा
कोई जगह न रहने पाए
हर जगह को हम चमकाएं,
सपना यही है बस अपना
स्वच्छता को अपनाना है
भारत को स्वच्छ बनाना है
भारत को स्वच्छ बनाना है।

(YASHVI TANWAR 6TH)

"माँ"

मां तो आखिर होती है मां।।
अपने सपनों को त्यागकर,
रातों को जागकर
हमारी ख्वाहिशें करती हैं पूरी
उनके बिना ज़िन्दगी अधूरी,
ममता मयी आंचल है जिनकी
जैसे गौरी और जानकी।
खुशियों की तो यह है मोती,
मां की आंखों में करुणा की ज्योति
रिश्तों को ये संजोए रखती,
सारे दर्द खुद ही सह लेती
अपनों पे जब संकट आती है
मौत से भी लड़ जाती है।
कभी दुर्गा कभी चंडी बन जाती,
जब बात अपने बच्चों पर आती है।
रब की परछाई होती है मां,
मां तो आखिर होती है मां ॥

(राधिका XI A)

"बचपन"

वो बचपन भी कितना सुहाना था
जिसका, हर रोज इक नया फसाना थ
कभी पापा के कंधो का
तो कभी माँ के आँचल का सहारा थ
कभी बेफिक्र होकर मिट्टी का खेल
तो कभी दोस्तों का साथ मस्ताना था
कभी नंगे पांवो का वो दौड़
तो कभी पतंग न पकड़ पाने का
पछताना था
कभी बिन आंसू रोने का
तो कभी बात मनवाने का बहाना था
सच कहूँ, तो वो दिन ही हसीन थे
न कुछ छुपाना और दिल में जो आये
बताना था

(JASHAN PREET KAUR 11C)

"शिक्षक"

शिक्षक की गोद में उत्थान पलता है।
सारा जहां शिक्षक के पीछे ही चलता है।
शिक्षक का बोया हुआ पेड़ बनता है।
वही पेड़ हजारों बीज जनता है।
शिक्षक काल की गति को मोड़ सकता है।
शिक्षक धरा से अम्बर को जोड़ सकता है।
शिक्षक की महिमा महान होती है।
शिक्षक बिन अधूरी हूँ वसुन्धरा कहती है।
याद रखो चाणक्य ने इतिहास बना डाला था
क्रूर मगध राजा को मिट्टी में मिला डाला था।
बालक चन्द्रगुप्त को चक्रवर्ती सम्राट बनाया था।
एक शिक्षक ने अपना लोहा मनवाया था।
संदीपनी से गुरु सदियों से होते आये है।
कृष्ण जैसे नन्हे नन्हे बीज बोते आये है।
शिक्षक से ही अर्जुन और युधिष्ठिर जैसे नाम है
शिक्षक की निंदा करने से दुर्योधन बदनाम है
शिक्षक की ही दया दृष्टि से बालक
राम बन जाते है।
शिक्षक की अनदेखी से वो रावण
भी कहलाते है।
आओ हम संकल्प करे की
अपना फ़र्ज निभायेगे।
शिक्षक का सम्मान करेंगे ,हम भी राम
कहलायेंगे।।

(JASHAN PREET KAUR 11C)

“पता ही नहीं चला”

कैसे कटा 21 से 60
तक का यह सफ़र,
पता ही नहीं चला ।

क्या पाया, क्या खोया,
क्यों खोया,
पता ही नहीं चला !

बीता बचपन,
गई जवानी
कब आया बुढ़ापा,
पता ही नहीं चला ।

कल बेटे थे,
कब ससुर हो गये,
पता ही नहीं चला !

कब पापा से
नानु बन गये,
पता ही नहीं चला ।

कोई कहता सठिया गये,
कोई कहता छा गये,
क्या सच है,
पता ही नहीं चला !

पहले माँ बाप की चली,
फिर बीवी की चली,
फिर चली बच्चों की,
अपनी कब चली,
पता ही नहीं चला !

बीवी कहती
अब तो समझ जाओ,
क्या समझूँ,
क्या न समझूँ,
न जाने क्यों,
पता ही नहीं चला !

दिल कहता जवान हूँ मैं,
उम्र कहती है नादान हूँ मैं,

इस चक्कर में कब
घुटनें घिस गये,
पता ही नहीं चला !

झड़ गये बाल,
लटक गये गाल,
लग गया चश्मा,
कब बदली यह सूरत
पता ही नहीं चला !

समय बदला,
मैं बदला
बदल गई
मित्र-मंडली भी
कितने छूट गये,
कितने रह गये मित्र,
पता ही नही चला

कल तक अठखेलियाँ
करते थे मित्रों के साथ,
कब सीनियर सिटिज़न
की लाइन में आ गये,
पता ही नहीं चला !

बहु, जमाईं, नाते, पोते,
खुशियाँ आई,
कब मुस्कुराई उदास
ज़िन्दगी,
पता ही नहीं चला ।

जी भर के जी ले प्यारे
फिर न कहना कि ..
"मुझे पता ही नहीं चला।

उन सभी को जिन्होंने अपने परिवार के लिए
21 से 60 वर्ष कमाने में व्यस्त रहे उनके लिए
समर्पित एक छोटी सी रचना .

(Kajal XB)

“भ्रष्टाचार”

मानव को मानव पर से विश्वास उठ गया हो जैसे

आपस के रिश्तो से प्रेम उठ गया हो जैसी

चारों तरफ वैचारिक अन्धकार फ़ैल गया है

हर कोई इस पर विचार कर रहा है

क्योंकि मानव ने सीखा है एक नया विचार भ्रष्टाचार

भ्रष्टाचार ... भ्रष्टाचार ....चारों तरफ है भ्रष्टाचार

सच्चाई का आधार लुप्त हो गया हो जैसे

झूठे और फ़रेबियो का जाल फ़ैल गया हो जैसे

मेहनत करने वाले कर रहे है हाहाकार

सच्चे लोगो का तो जैसे हुआ है बुरा हाल

क्योंकि मानव ने सीखा है एक नया विचार भ्रष्टाचार

भ्रष्टाचार ... भ्रष्टाचार ....चारों तरफ है भ्रष्टाचार

चकाचौंध की दुनिया आडम्बर भरा हो जैसे

शिष्टाचार की हमने तिलांजलि दे दी हो जैसे

सुनता था हमेशा वो अपने दिल की आवाज

परन्तु आजकल छेड़ा है नया साज

क्योंकि मानव ने सीखा है एक नया विचार भ्रष्टाचार

भ्रष्टाचार ... भ्रष्टाचार ....चारों तरफ है भ्रष्टाचार

(Kanika XB)





एक बचपन का जमाना था...

एक बचपन का जमाना था,
जिस में खुशियों का खजाना था..

चाहत चाँद को पाने की थी,
पर दिल तितली का दिवाना था..

खबर ना थी कुछ सुबह की,
ना शाम का ठिकाना था..

थक कर आना स्कूल से,
पर खेलने भी जाना था...

माँ की कहानी थी,
परियों का फसाना था..

बारिश में कागज की नाव थी,
हर मौसम सुहाना था..

हर खेल में साथी थे,
हर रिश्ता निभाना था..

गम की जुबान ना होती थी,
ना जख्मों का पैमाना था..

रोने की वजह न थी,
न हँसने का बहाना था..

क्यों हो गये हम इतने बडे,
इससे अच्छा तो वो बचपन का जमाना था..

(Divy tyagi- XIA)

शिक्षक विशेषांक...

संविधान में राजभाषा हिंदी

राजभाषा का अर्थ है-संविधान द्वारा स्वीकृत सरकारी कामकाज की भाषा | 14 सितंबर 1949 ई. को भारत के संविधान में हिंदी को राजभाषा की मान्यता प्रदान की गई | इसलिए हमलोग प्रतिवर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस के रूप में मनाते हैं भारतीय संविधान के भाग- 17 केअध्याय -11 की धारा 343 से 351 तक राजभाषा संबंधी प्रावधान है | संविधान की आठवीं अनुसूची में 22 भाषाओं को मान्यता प्रदान की गई है,जो निम्नवत है: असमिया, बंगला, बोडो, डूंगरी, गुजराती, हिंदी, कन्नड़, कश्मीरी, कोकणी, मैथिली, मलयालम, मणिपुरी, मराठी, नेपाली, उड़िया, पंजाबी, संस्कृत, संथाली, हिंदी, तमिल, तेलुगू, उर्दू |

अनुच्छेद 343 संघ की राजभाषा हिंदी और लिपि देवनागरी होगी तथा भारतीय अंकों का रूप अंको का अंतरराष्ट्रीय रूप होगा | किंतु संविधान में अनुमति प्रदान की गई कि 15 वर्षों की अवधि अर्थात 1965 ई. तक अंग्रेजी का प्रयोग किया जाता रहेगा |

अनुच्छेद 344 यह अनुच्छेद राष्ट्रपति द्वारा राजभाषा आयोग एवं समिति के गठन से संबंधित है | राष्ट्रपति पांच वर्ष के बाद तथा उसके हर 10 वर्ष की समाप्ति पर राजभाषा आयोग का गठन करेगा | साथ ही आयोग से अपेक्षा की गई कि वह भारत की औद्योगिक, सांस्कृतिक और वैज्ञानिक उन्नति का और लोकसेवाओं के संबंध में आहिंदी भाषी क्षेत्रों के व्यक्तियों के हितों का सम्यक ध्यान रखेगा |

अनुच्छेद 345, 346, 347 में प्रादेशिक भाषाओं संबंधी प्रावधान है |

अनुच्छेद 348 में उच्चतम न्यायालय, उच्च न्यायालयों, संसद और विधान मंडलों में प्रस्तुत विधेयकों की भाषा के संबंध में विस्तार से प्रकाश डाला गया है |

अनुच्छेद 349 में भाषा से संबंधित विधियां अधिनियमित करने की प्रक्रिया का वर्णन है |

अनुच्छेद 350 में जनसाधारण की शिकायतें दूर करने के लिए आवेदन में प्रयोग की जाने वाली भाषा तथा प्राथमिक स्तर पर मातृभाषा में शिक्षा सुविधाएं देने और भाषाई अल्पसंख्यकों के बारे में दिशा निर्देशों का प्रावधान किया गया है |

अनुच्छेद 351 में सरकार के उन कर्तव्यों एवं दायित्वों का उल्लेख किया गया है, जिनका पालन हिंदी के प्रचार- प्रसार और विकास के लिए करना है |

"सारे विश्व में फैले हिंदी, यह हम सबका अरमान है |
सारी भाषाएं प्यारी हैं, पर हिंदी हमारा अभिमान है |"

ललित कुमार
प्राचार्य,
केन्द्रीय विद्यालय सीआरपीएफ, पिंजौर

निंदक नियरे राखिए(व्यंग्य लेख) .....

जो मुझको बदनाम करें हैं काश वे इतना सोंच सकें |

मेरा परदा खोले हैं या खुद का परदा खोले हैं ||

फिराक गोरखपुरी की ये पंक्तियाँ भले ही मुझे बारबार सीख देती हैं लेकिन परनिंदा -| का रस मुझे अपनी ओर खींचता ही जाता है क्योंकि निंदा में असीम आनंद मिलता है निंदक गाढ़े तारकोल से किसी | जीवन के सभी रस इसके समक्ष विरस मालुम होते हैं व्यक्ति की जितनी काली तस्वीर खींचता है | वह स्वयं उतना ही उज्ज्वल होता जाता है , आत्मीयता और निमग्नता ,निंदा की महिमा अपार है क्योंकि निंदकों की सी एकाग्रता पास रखने की -इसीलिए संतों ने निंदकों को आँगन कुटी छवाय | भक्तों में भी दुर्लभ है निंदा कुछ लोगों के लिए टॉनिक होती ह | सलाह दी हैंइसका एक उदाहरण .. वह कई दिनों से बीमार ..मेरे पड़ोस में एक बूढी काकी रहती थी..आपको बताता हूँ एक दिन अचानक उनसे किसी ने आकर कहा कि अमुक की ..उठा नहीं जाता था..थीं चार पड़ोसियों को अपने व्यक्तिगत कमेन्ट के -काकी उठी और दो..बस क्या था...घरवाली सीढ़ियों से गिर गयी साथ ये बात बता आयीं | उसी दिन से उनकी हालत सुधरने लगी |

कई बार निंदा ईर्ष्याद्विष से भी प्रेरित होती है लेकिन जो मजा एकसूत्रीय भाव से निंदा करने में है वो कहीं और - वह जलन के ,आप चैन से सोइए | वे खुद ही दण्डित हैं ,निंदकों को दण्ड देने की जरुरत नही | नहींकारण सो नही पायेगा | निंदा करके उसके अहम् को तुष्टि मिलती है | निंदा का उद्गम हीनता और कमजोरी से होता है | निंदक सामान्यता | त्यों निंदा की प्रवृत्ति में दिनोंदिन इजाफा होता जाता है– त्यों,ज्यों कर्म क्षीण होता जाता है-ज्यों इसीलिए ,निठल्ले प्राणी होते हैं दूसरों के कर्मों से उन्हें चिढ़ होने लगती है मजेदार बात यह है कि निंदक को | | प्रमाणपत्र उनके पास प्रिंट रूप में होता है-लेकिन दूसरों का चरित्र ,अपने चरित्र को देखने की फुर्सत नही होती | बिनहीं कौड़ी बहै विचारा ,निंदक बाबा वीर हमारा -कवि दादू कहतें हैं

आपन डूबे और को तारे|| ऐसा प्रीतम पार उतारे ,

अर्थात निंदा करने वाले भाई के समान होते हैंजो कोई मूल्य लिए बिना हमारी कमियों की ओर ध्यान आकर्षित , लेकिन उनका नुकसान हो जाता है क्योंकि ,इन कमियों को सुधार लेने से हमारा तो भला हो जाता है | करते हैं उनका समय और विचार तो निंदा करने में ही बर्बाद होता रहता है हमारा ऐसा भला चाहने वाले लोगों को बुरा | | न समझकर अपना प्रिय समझना चाहिए

बुरा जो देखन मै चला| बुरा न मिलिया कोय ,

जो दिल खोजहूँ आपनो मुझसे बुरा न कोय ||

वास्तव में अगर हम दूसरों की कमियां ढूंढने की बजाय अपनी कमियों को खोजें तथा अपनी भावनावों के साथ दूसरों की भावनावों का भी सम्मान करें तो जीवन कितना सरल हो जाता हैनिंदा से ! लेकिन क्या करें साहब , ??.....कोई शब्द ही नही ,रसीला

.***आप भले तो जग भला***

सुनील कुमार मिश्र

स्नातकोत्तर हिंदी शिक्षक

केंद्रीय विद्यालय जी.सी.,सी.आर.पी.एफ, पिंजौर|

"राष्ट्रभाषा हिन्दी का अतीत से वर्तमान तक का सिंहावलोकन"

हिन्दी भाषा का अपने जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है हिन्दी के विषय में जितना कहा जाए उतना ही कम है। हिन्दी जिस भाषा धारा के विशिष्ट दैनिक और कालिक रूप का नाम है, भारत में उसका प्राचीनतम रूप संस्कृत है। विभिन्न उतार चढ़ाव झेलती हुई यह हिन्दी अपने विकास पर पहुंची है और अतीत से वर्तमान तक का सफर बड़े ही दुर्गम पड़ावों को पार करके प्राप्त किया है।

हिन्दी का विकास: → हिन्दी भाषा का विकास विभिन्न दुर्गम पड़ावों को पार करके अपने शैशवकाल से अपने विकास पर अग्रसर हुआ और अपने वर्चस्व को आज तक बचाए हुए है। हिन्दी का वास्तविक आरंभ १००० ई० से माना जाता है। हिन्दी के विकास का इतिहास आज तक कुल लगभग पौने दस सौ वर्षी (१००० - १९७५) में फैला है। भाषा की दृष्टि से इस पूरे समय को तीन कालों में बाँटा जा सकता है। जो इस प्रकार से है:-

1. आदिकाल (१०००-१५००) 2. मध्यकाल (१५००- १८००) 3.आधुनिक काल (१८०० से अबतक)

उपरोक्त काल विभाजन पर हिन्दी के मूर्धन्य विद्वान, समालोचक आलोचक, निबन्धकार, साहित्यकार इस विभाजन से सन्तुष्ट नहीं हुए और उन्होंने इस विभाजन को इस प्रकार से वर्णित किया है जो इस प्रकार से है:-

1. आदिकाल सातवीं शती के मध्य से चौदहवीं शती के मध्य तक
2. भक्तिकाल: - चौदहवीं शती के मध्य से सत्रहवीं शती के मध्य तक
3. रीतिकाल: - सत्रहवीं शती के मध्य से उन्नीसवीं शती के मध्य तक
4. आधुनिक काल: - उन्नीसवीं शती के मध्य से अब तक

(अ) पुनर्जागरणकाल (भारतेन्दु काल) - १८५७ - १९०० ई.

(ब) जागरण-सुधार काल (द्विवेदी काल)-१९००-१९१८ ई.

(स)छायावाद काल -१९१८ -१९३८ ई.

(द)छायावादोत्तर काल -

(क) प्रगतिकाल (प्रयोग काल) १९३८ से १९५३ई.

(ख) नवलेखन काल -१९५३ से अब तक

उपर्युक्त विभाजन हिन्दी साहित्य की सम्पूर्ण तस्वीर पेश करता है, फिर, भी हम कितना भी विभाजन अपने विचारों, अपनी इच्छाओं एवं अपनी ज्ञान गंगा के माधाम से करले लेकिन हिन्दी के विकास को अवरूद्ध नहीं किया जा सकता है।

हिन्दी हिन्द देश की भाषा,
हिन्दी जन- जन की भाषा

हिन्दी एक भाषा है, इसकी लिपि देवनागरी है। 'हिन्दी' हिन्दुस्तान की पहचान है। हिन्दी के अलावा भारत में असंख्य भाषाएँ बोली जाती हैं परन्तु हिन्दी इन सबमें विशिष्ट है। इस भाषा के माध्यम से पूरा भारत आपस में जुड़ा हुआ है। हिन्दी का जन्म ऐसे ही नहीं हुआ, यह विकास के विभिन्न चरणों से गुजरती हुई, इस शिखर पर आसीन हुई है।

भारत में मुगलों का शासन आरंभ हुआ, तुम उन्होंने राज-काज की भाषा का सम्मान उर्दू-फारसी को दिया। इसके पश्चात अंग्रेजों का शासनकाल आरम्भ हुआ। उन्हें उर्दू- फारसी में राज-काज संभालने में असुविधा हुई। अत: उन्होंने राज- काज की भाषा अंग्रेजी को बना दिया। ऐसा इसलिए भी किया गया क्योंकि हर शासक अपनी बात को प्रजा पर थोपना चाहते थे। इस तरह प्रजा में सरलतापूर्वक हीनता उत्पन्न की जा सकती थी । देश विभिन्न जातियों और धर्मों में बंटा हुआ था। स्वतंत्रता सेनानियों को ऐसी भाषा की आवश्यकता हुई, जो उन्हें एकता के सूत्र में पिरो सके और जन-जन को भाषा बन जाए।

एक लम्बे अन्तराल के पश्चात भारत ने गुलामी की बेड़ियों को तोड़ते हुए स्वयं का स्वतंत्र अस्तित्व ढूंढा और आजाद देश बन गया। भारत को संविधान सभा ने हिन्दी को सर्वोच्च स्थान प्रदान किया गया और 14 सितम्बर, 1949 को हिन्दी को संघ को राजभाषा घोषित किया गया। 14 सितम्बर का दिन हिन्दी दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन प्रदर्शनी, मेले, गोष्ठी, सम्मेलन आदि का आयोजन किया जाता है। भारतेन्दु हरिशचन्द, महादेवी वर्मा, अज्ञेय, रामधारीसिंह दिनकर, मैथिलीशरण गुप्त, निराला जी, यशपाल जी और सबसे महत्त्वपूर्ण प्रेम चंद जैसे लेखकों ने हिन्दी में महत्वपूर्ण रचनाओं द्वारा इस भाषा को अमर कर दिया है।

उपसंहार:- आदिकाल से लेकर वर्तमान काल तक हिन्दी भाषा ने जो दुर्गम पड़ाव झेले हैं उनके बारे में जितना कहा जाए उतना कम है। एक बात को कहने का सबका तरीका अलग होता है भाषा के बारे में कहा जा सकता है कि:- "परिष्कृत वाणी ही मनुष्य का सबसे बड़ा आभूषण है।" भाषा की गहराई को जितना अधिक समझेंगे भाषा उतनी ही गहराई से सबको समान लेकर चलेगी' अन्त में यही कहा जा सकता है कि:- "शासक बदले, शासन बदला, भारत का नक्शा बदला है
सागर की चंचलता बदली, हिमगिर वहीं खड़ा है पक्षियों का कलरव बदला, सुर अपना यहाँ एक बना है बोली जाने वाली सब भाषाओं से, हिन्दी भाषा का मान बड़ा है" जय हिन्दी जय हिंदोस्तान

गीत:- अपने वतन के वास्ते जीवन लुटा देंगें

असहाय मजबूरों को जीवन में खुशी देंगे
रास्ते के पत्थरों को मेहनत से तराशेगे
मगर कभी वतन को झुकने नहीं देंगे
अपने वतन के वास्ते जीवन लुटा देंगे। 1।
कदम से कदम मिलाकर साथ हम देंगे
मेहनत करके जीवन को आसान बना देंगे
दुश्मन की चालों को अंजाम हम देंगे
अपने वतन के वास्ते जीवन लुटा देंगे।2।
जीवन के हर पल को हंसमुख बना देंगे
आपस में मिलजुल कर सब कष्ट मिटा देंगे
पर्वत की चोटी पर झंडा फहरा देंगे
अपने वतन के वास्ते जीवन लुटा देंगे। 3।

त्रिभूषण
प्रशिक्षत स्नातक शिक्षक हिन्दी
केन्द्रीय विद्यालय, समूह केन्द्र के. रि. पु. बल – पिंजौर (हरियाणा)

‘जीवन में जन्म से मृत्यु तक है संगीत’

संगीत का मानव जीवन में अहम स्थान है। यह हमारे साथ जन्म से लेकर मृत्यु तक रहता है। मानव के इतिहास में जब भाषा का जन्म नहीं था, तब लोग आपस में अपने भाव को आदान-प्रदान संगीत के माध्यम से करते थे। यह मानव जगत को ईश्वर का एक अनुपम दैवीय वरदान है। यदि हम ध्यान दें तो हमारे चारों ओर संगीत है, सिर्फ इसे महसूस करने की आवश्यकता है।

कहा जाता है कि ब्रह्मा ने जब धरती पर इंसानों के तरह-तरह के दुखों से परेशान देखा तो वेद और उसके चार उपवेदों-ऋग्वेद से पाठ्य, यजुर्वेद से अभिनय, सामवेद से गीत और अथर्ववेद से रस का संचयन कर पंचम वेद क रूप में नाट्य वेद की रचना की। लोग अपने कष्टों को भूल सके व उससे मुक्ति पा सके, इसके लिए ब्रह्मा ने इस अनुपम कला की रचना की।

संगीत का स्वास्थ्य पर प्रभाव:-

प्राचीन काल से अब तक भारतीय संगीत के इतिहास में ऐसे अनेक उल्लेख प्राप्त होते हैं, जिसके द्वारा संगीत के चिकित्सकीय प्रभाव को देखा व समझा जा सकता है। वर्तमान समय में संगीत एक ऐसा सशक्त माध्यम है जो व्यक्ति को शारीरिक-मानसिक रोगों व व्याधियों से मुक्ति प्रदान करता है। संगीत की तीनों धाराएं(गायन, वादन व नृत्य) न केवल स्वर, ताल और लय की साधना है, बल्कि एक यौगिक किया है। इससे शरीर, मन और प्राण तीनों में शुद्धता और चैतन्यता आती है। जर्मनी के प्रो. माइकल स्कल्टे मार्कवर्ट के अनुसार संगीत बच्चों को शांत बनाने के अलावे उनमें बुद्धि का विकास करता है।

संगीत क्षेत्र में रोजगार:

कैरियर के नजरिए से संगीत का क्षेत्र असीम संभावनाओं से भरा है। देश में आये दिन बढ़ते चैनलों ने युवाओं के लिए संगीत के क्षेत्र में काफी संभावनाएं पैदा की है। लोगों में जहां एक ओर डाक्टर, इंजीनियर, प्रोफेसर आदि बनने की ख्वाहिश रहती है, वहीं आज बदले परिवेश में गायक, वादक व नर्तक बनने की चाहत रखनेवालों की भी तादाद बढ़ी है। क्योंकि थोड़ी मेहनत व ढेर सारी शोहरत उन्हें रातों- रात मिल जाती है। संगीत की तालीम के लिए स्थानीय, प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर कई संगीत विद्यालय व महाविद्यालय है। यहा से संगीत की शिक्षा प्राप्त कर अपने सपनों को साकार किया जा सकता है।

संगीत के नाम एक दिन:

विश्व में प्रचलित विभिन्न दिवसों में एक है संगीत दिवस में संगीत के नाम एक दिन है। प्रत्येक वर्ष 21 जून को विश्व संगीत दिवस मनाया जाता है। यह संगीतज्ञों व संगीत प्रेमियों के लिए बहुत ही खुशी की बात है। विश्व संगीत दिवस को 'फेटेडे ला म्यूजिक' के नाम से भी जाना जाता है। इसका अर्थ म्यूजिक फेस्टिवल है। इस त्योहार की शुरुआत 1982 में फ्रांस में हुई। इसको मनाने का उद्देश्य अलग-अलग तरीके से म्यूजिक को प्रोपोगैंडा तैयार करने के अलावे एक्सपर्ट व नए कलाकारों को एक मंच पर लाना है।

डॉ. रमेश कुमार
संगीताध्यापक
केन्द्रीय विद्यालय जीसी सीआरपीएफ पिंजौर

‘आत्मविश्वास’

वर्तमान समय में अगर हमें कुछ पाना है, किसी भी क्षेत्र में कुछ करके दिखाना है, जीवन को खुशी से जीना है, तो इन सबके लिए आत्मविश्वास का होना परम आवश्यक है। आत्मविश्वास में वह शक्ति है जिसके माध्यम से हम कुछ भी कर सकते है। आत्मविश्वास से हमारी संकल्प शक्ति बढ़ती है और संकल्प शक्ति से बढ़ती है हमारी आत्मिक शक्ति।

इमर्सन का कथन है- ''संसार के सारे युद्धों में इतने लोग नहीं हारते, जितने कि सिर्फ घबराहट से।' अतः अपने ऊपर विश्वास रखकर ही आप दुनिया में बड़े से बड़ा काम सहज ही कर सकते हैं और अपना जीवन सफल बना सकते हैं। मधुमक्खी कण-कण से ही शहद इकट्ठा करती है। उसे कहीं से इसका भंडार नहीं मिलता। उसके छत्ते में भरा शहद उसके आत्मविश्वास और कठिन परिश्रम का ही परिणाम है।

दुनिया में ईश्वर ने सभी को अनंत शक्तियां प्रदान की हैं। हर किसी में कोई न कोई खास बात होती है। बस, जरूरत है अपने अंदर की उस खास शक्ति को पहचानने की, उसे निखारने की। जो काम दूसरे लोग कर सकते हैं, वो काम आप क्यों नहीं कर सकते? अपने आप पर भरोसा कीजिए फिर दुनिया भी आप पर भरोसा करेगी।

महात्मा गांधी भी इस आत्मविश्वास के बल पर सत्य और अहिंसा के अस्त्र बनाकर स्वतंत्रता संग्राम में कूद पड़े। अंततः वे भारत माता की दासता रूपी बेड़ी को काटने में सफल रहे। अब्राहम लिंकन ने अथक प्रयास कर दासों को मालिकों के शिकंजे से मुक्त कराया। उन्होंने अपनी डायरी में लिखा था कि मैंने अपने ईश्वर को वचन दिया है कि दासों की मुक्ति का कार्य अवश्य पूरा करूंगा।

इसी आत्मविश्वास ने कोलंबस को अमेरिका की खोज में सहयोग दिया था। नेपोलियन ने इसी शक्ति से ओतप्रोत होकर अपने सेनापति से कहा था कि यदि आल्पस पर्वत हमारा मार्ग रोकता है तो वह नहीं रहेगा और सचमुच उस विशाल पर्वत को काटकर रास्ता बना लिया गया।

आत्मविश्वास मनुष्य के अंदर ही समाहित होता है। आपको इसे कहीं और अन्य जगह से लाने की जरूरत नहीं है। यह आपके अंदर ही है, बस जरूरत है अपने अंदर की आंतरिक शक्तियों को इकट्ठा कर अपने आत्मविश्वास को मजबूत करने की।

श्रीमति कविता नेहरा
प्राथमिक अध्यापिका
केंद्रिय विद्यालय जीसी सीआरपीएफ पिंजोर

महिला सशक्तिकरण

महिला सशक्तीकरण तब होता है जब महिलाओं को अपने निर्णय लेने की स्वतंत्रता और विकल्प होता है। उनके लिए क्या सही है और क्या गलत, यह तय करने का उन्हें सबसे अधिक अधिकार है। महिलाओं ने दशकों तक पीड़ा झेली है क्योंकि उनके पास कोई अधिकार नहीं था। वे अपने पुरुष समकक्षों के हाथों पीड़ित हुईं। पिछली शताब्दियों में, उन्हें लगभग न के बराबर माना जाता था। जैसे कि सभी अधिकार पुरुषों के हैं, यहां तक कि मतदान जैसी बुनियादी चीज भी। जैसे-जैसे समय बदला, महिलाओं को अपनी ताकत का एहसास हुआ। वहीं से महिला सशक्तिकरण के लिए क्रांति शुरू हुई। चूंकि महिलाओं को उनके लिए निर्णय लेने की अनुमति नहीं थी, इसलिए महिला सशक्तिकरण ताजी हवा के झोंके की तरह आया। इसने उन्हें अपने अधिकारों के बारे में जागरूक किया और यह भी बताया कि कैसे उन्हें एक आदमी पर निर्भर रहने के बजाय समाज में अपनी जगह बनानी चाहिए। इसने इस तथ्य को स्वीकार किया कि चीजें केवल किसी के लिंग के कारण उसके पक्ष में काम नहीं कर सकतीं। हालाँकि, हमें अभी भी एक लंबा रास्ता तय करना है जब हम उन कारणों के बारे में बात करते हैं जिनकी हमें आवश्यकता है।

महिला सशक्तिकरण की आवश्यकता

लगभग हर देश, चाहे वह कितना भी प्रगतिशील क्यों न हो, महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार का इतिहास रहा है। जबकि पश्चिमी देश अभी भी प्रगति कर रहे हैं, भारत जैसे तीसरी दुनिया के देश अभी भी महिला सशक्तिकरण में पीछे हैं।

भारत में महिला सशक्तिकरण की पहले से कहीं अधिक आवश्यकता है। उनका परिवार सोचता है कि अगर वे अपनी विरासत की प्रतिष्ठा को शर्मसार करते हैं तो उनकी जान लेना सही है।

इसके अलावा, यहां शिक्षा और स्वतंत्रता का परिदृश्य बहुत प्रतिगामी है। महिलाओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने की अनुमति नहीं है; उनकी शादी जल्दी हो जाती है। पुरुष अभी भी कुछ क्षेत्रों में महिलाओं पर हावी हो रहे हैं जैसे यह महिला का कर्तव्य है कि वह उसके लिए अंतहीन काम करे। न उन्हें बाहर जाने देते हैं और न ही किसी तरह की आजादी। इसके अलावा, भारत में घरेलू हिंसा एक बड़ी समस्या है। पुरुष अपनी पत्नियों की पिटाई करते हैं और उन्हें गाली देते हैं क्योंकि वे सोचते हैं कि महिलाएं उनकी संपत्ति हैं। इससे भी ज्यादा, क्योंकि महिलाएं बोलने से डरती हैं। इसी तरह, जो महिलाएं वास्तव में काम करती हैं उन्हें उनके पुरुष समकक्षों की तुलना में कम वेतन मिलता है। किसी को उसके लिंग के कारण समान काम के लिए कम भुगतान करना सर्वथा अनुचित और लिंगभेदी है। इस प्रकार, हम देखते हैं कि महिला सशक्तिकरण समय की आवश्यकता कैसे है। हमें इन महिलाओं को खुद के लिए बोलने और कभी भी अन्याय का शिकार न होने के लिए सशक्त बनाने की जरूरत है।

महिलाओं को कैसे सशक्त बनाया जाए ?

महिलाओं को सशक्त बनाने के कई तरीके हैं। ऐसा करने के लिए व्यक्तियों और सरकार दोनों को एक साथ आना होगा। लड़कियों के लिए शिक्षा अनिवार्य की जानी चाहिए ताकि महिलाएं अनपढ़ होकर अपना जीवन यापन कर सकें। लैंगिक भेदभाव के बिना महिलाओं को हर क्षेत्र में समान अवसर दिए जाने चाहिए। साथ ही उन्हें समान वेतन भी दिया जाना चाहिए। बाल विवाह को समाप्त कर हम महिलाओं को सशक्त बना सकते हैं। विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना चाहिए जहां उन्हें वित्तीय संकट का सामना करने की स्थिति में खुद का बचाव करने का कौशल सिखाया जा सके।

श्रीमति कविता रानी (प्रशिक्षत स्नातक अध्यापिका)

विद्यार्थी और फैशन

फैशन का अर्थ व कारण : शारीरिक प्रसाधनों से समाज के समक्ष आत्म-प्रदर्शन करना ही फैशन है। 'फैशन' शब्द का तात्पर्य शैली से भी है। आम व्यवहार में इसका अर्थ वस्त्र पहनने के तरीके से लिया जाता है। आज के दौर में फैशन नित नए रूप बदलता है।

फिल्मों की चमक-दमक और इंटरनेट के बढ़ते प्रयोग से आज के विद्यार्थी फैशन की तरफ खींचे चले जाते हैं। वे अपने वस्त्रों व रहन-सहन से स्वयं को धनी दिखाना चाहते हैं। दूसरों की झूठी बड़ाई पाने के लिए वे अपने केश व वेश में परिवर्तन के लिए अत्यधिक समय व्यतीत करते हैं जिससे वे पढ़ाई नहीं कर पाते। विद्यार्थी के लिए यह फैशन उसके भविष्य की उन्नति में बाधक है। घरवालों के लिए वे एक समस्या बनकर रह जाते हैं। अध्यापक उन्हें सिरदर्द समझते हैं। विद्यार्थी को चाहिए कि कृत्रिमता के वातावरण से दूर अपनी मौलिकता बनाए रखते हुए अपना जीवन जीएँ।

फैशन सामाजिक विकास का एक फल हैं। यह समय के साथ-साथ बदलते रहते हैं। यह समय की जरूरतों तथा लोगों की पसन्द को दर्शाते हैं। लड़के तथा लड़कियां दोनों ही इसके पीछे पागल हैं। वे अपना अधिकतर समय तथा ताकत इस पर व्यर्थ करते हैं।हर विद्यार्थी स्वयं पर नियंत्रण नहीं रख पाते और वस्त्रों की चमक-दमक में खो जाते हैं। विद्यार्थी का लक्ष्य विद्या प्राप्त करना होता है। यह कार्य तभी हो सकता है जब वह एकाग्र मन से अध्ययन करता है। यदि वे अपने इस कार्य को नहीं करता है तो विद्या उनसे रूठ जाएगी।

फैशन ऐसी जोंक है यदि इसे दूर न किया गया, तो यह युवा समाज का सारा खूनं-चूस जाएगी । इसके लिए अभिभावकों और शिक्षकों को युवा वर्ग के सामने आदर्श रखने चाहिए। गाँधी जी के सिद्धान्त 'सादा जीवन उच्च विचार' की शिक्षा देकर उन्हें प्रेरित करना चाहिए। इसके साथ ही युवा वर्ग को, उपयोगी कार्यों में लगाकर तथा उनका मनोवैज्ञानिक उपचार करा कर भी फैशन रूपी पिशाचिनी से पीछा छुड़ाया जा सकता है। फैशन का अंत ही जनहित है। अत: इस से मुक्ति दिलाने के यथाशीघ्र प्रयास किए जाने चाहिए ।

फैशन एक व्यर्थ की चीज़ है। यह केवल हमारी बाहरी सुंदरता को दर्शाती है। व्यक्ति की असल खूबसूरती उसके व्यक्तित्व में होती है। हमारे जीवन का उद्देश्य सादा जीवन तथा ऊँची सोच होना चाहिए।

श्रीमति रेणु

प्राथमिक शिक्षिका

केंद्रिय विद्यालय जीसी सीआरपीएफ पिंजोर

ब्लॉकचेन तकनीक: संभावना तलाशता भारत

ब्लॉकचेन तकनीक एक वितरित लेजर या खाता-बही तकनीक है जो सुरक्षित और पारदर्शी रिकॉर्ड-कीपिंग को सक्षम बनाती है, जहां डेटा को एक केंद्रीकृत प्रणाली के बजाय कंप्यूटर के नेटवर्क में संग्रहीत किया जाता है। हाल के वर्षों में, इसने वित्त, आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन और स्वास्थ्य सेवा सहित विभिन्न उद्योगों में लोकप्रियता हासिल की है। भारत, अपने बढ़ते तकनीकी उद्योग और जनसंख्या के साथ, ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी से लाभान्वित होने की क्षमता रखता है।

ब्लॉकचैन प्रौद्योगिकी के सबसे महत्वपूर्ण लाभों में से एक इसकी सुरक्षित और पारदर्शी लेनदेन प्रदान करने की क्षमता है। भारत में डिजिटल भुगतान के उदय के साथ, ब्लॉकचेन तकनीक सुरक्षित और पारदर्शी लेनदेन सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। यह लेन-देन का छेड़छाड़-विरोधी रिकॉर्ड प्रदान करके धोखाधड़ी और भ्रष्टाचार को भी कम कर सकता है

ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी से ही बिटकॉइन नामक मुद्रा का संचालन होता है। यदि सरल शब्दों में कहा जाए तो यह एक डिजिटल 'सार्वजानिक बही खाता' है, जिसमें प्रत्येक लेन-देन अथवा ट्रांजेक्शन का रिकॉर्ड दर्ज़ किया जाता है।

ब्लॉकचेन में एक बार किसी भी लेन-देन को दर्ज करने पर इसे न तो वहाँ से हटाया जा सकता है और न ही इसमें संशोधन किया जा सकता है।

